कार्यक्रम

उन्हाणी महाविद्यालय की स्वयंसेवकों ने की पहल

# मरीजों की मदद के लिए सहायता केंद्र का किया शुभारंभ

संवाद न्यूज एजेंसी

कनीना। उन्हाणी महाविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में उपमंडल कनीना के उप नागरिक अस्पताल में प्राचार्य डॉ. विक्रम यादव की अध्यक्षता में सहायता केंद्र का शुभारंभ किया गया।

उद्घाटन वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुंदर लाल यादव व डॉ. मोरवाल ने द्वारा किया गया। उन्होंने स्वयं सेविकाओं की इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल ज्ञान का संचय नहीं अपितु उनमें सामाजिक कल्याण एवं विश्व बंधुत्व की भावना का विकास करना है।

प्राचार्य डॉ. विक्रम यादव ने बताया कि महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई समय-समय पर अनेक प्रकार की गतिविधियों का संचालन कर सामाजिक उत्थान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। इस योजना के तहत दो महत्वपूर्ण अभियानों का संचालन किया जा चुका है।

वृद्धजन प्रतिगृहित अभियान के तहत महाविद्यालय की प्रत्येक स्वयंसेविका द्वारा अपने आसपास के जरूरतमंद वृद्धजनों के सहयोग करती हैं तथा इसकी रिपोर्ट अपनी डायरी में लिखती है। इस रिपोर्ट का प्रति सप्ताह निरीक्षण कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सीमा देवी द्वारा किया जाता है। तीसरा अभियान सहायता केंद्र का संचालन अब इस योजना द्वारा किया जा रहा है।

इसका उद्देश्य समाज के बुजुर्ग, विकलांग, अनपढ़, महिलाओं को यथासंभव अस्पताल की और से दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी देकर उनका सहयोग करना है ताकि वे जानकारी के अभाव में इधर-उधर न भटके तथा सभी सरकारी सुविधाओं का लाभ उठाएं। महाविद्यालय की दो स्वयंसेविकाएं रोस्टर सिस्टम के अनुसार अस्पताल में आकर अपना यथा संभव सहयोग देंगी।

इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार की ओर से डॉ सुधीर यादव, डॉ. अंकिता यादव, डॉ. नेहा यादव, पवन कुमार, नीरज सहित अस्पताल प्रशासन के अधिकारी व कर्मचारी आदि मौजूद रहे।




सहायता केंद्र का शुभारंभ करते प्रवर चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुंदर लाल। संवाद

अमर उजाला

10/05/2022

2-10-2019 दैनिक भास्कर

# स्वस्थ व्यक्ति ही जीवन के चारों पुरुषार्थों को प्राप्त कर सकता है: डॉ. विक्रम

भास्कर न्यूज | कनीना

राजकीय कन्या महाविद्यालय उन्हाणी में मंगलवार को छात्राओं के स्वास्थ जांच के लिए शिविर लगा। महिला प्रकोष्ठ के अन्तर्गत लगे इस शिविर की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. विक्रम यादव ने की। डॉ. जितेन्द्र व डॉ. विजेंद्र की टीम सदस्यों ने छात्राओं के स्वास्थ्य का चेकअप किया। शिविर के दौरान प्राचार्य डॉ. विक्रम ने कहा कि पहला सुख निरोगी काया, शारीरिक रूप से स्वस्थ व्यक्ति ही जीवन के चार पुरुषार्थों धर्म, अर्थ, काम व मोक्ष को आसानी से प्राप्त कर सकता है। उन्होंने बताया कि शारीरिक स्वास्थ्य का मानसिक स्वास्थ्य से घनिष्ठ संबंध है। छात्राओं के सर्वांगिण विकास हेतु उनका शारीरिक रूप से स्वस्थ होना भी अति आवश्यक है। अतः महाविद्यालय में कार्यरत प्रत्येक सदस्य का यह प्रयास होगा कि छात्राएं शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ हो। इसके लिए वे यथा संभव प्रयास करेंगे। डॉ. वीरेंद्र ने एनीमिया के कारण, उनके प्रकार और उसकी रोकथाम के उपायों पर विस्तृत प्रकाश डाला। डॉ. जितेन्द्र ने मौखिक स्वास्थ्य पर विस्तृत व्याख्यान दिया। उन्होंने छात्राओं की दंत समस्याओं के लिए टूथपेस्ट का वितरण किया। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. सीमा देवी ने स्वास्थ्य जांच टीम का व महाविद्यालय के सभी सदस्यों का इस कार्यक्रम में सहयोग देने के लिए आभार प्रकट किया। इस अवसर पर महाविद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

**राजकीय कन्या महाविद्यालय उन्हाणी में लगा हेल्थ कैंप**



छात्राओं के स्वास्थ्य की जांच करते चिकित्सक।

# उन्हाणी महाविद्यालय की पहल पर अस्पताल में हेल्प डेस्क का किया गया शुभारंभ

संवाद सूत्र, कनीनाः उन्हाणी महाविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में उप नागरिक अस्पताल कनीना में प्राचार्य डा. विक्रम यादव की अध्यक्षता में हेल्प डेस्क का शुभारंभ किया।

इस सामाजिक कल्याण के पावन कार्य का उद्घाटन वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डा. सुंदरलाल यादव व डा. जितेंद्र मोरवाल द्वारा किया गया। उन्होंने स्वयं सेविकाओं की इस विशेष पहल पर कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल ज्ञान का संचय नही, अपितु उनमें सामाजिक कल्याण एवं विश्व बंधुत्व की भावना का विकास करना है। महाविद्यालय की इस पहल के लिए उन्होंने विशेष रूप से महाविद्यालय प्रशासन का धन्यवाद किया।

प्राचार्य डा. विक्रम यादव ने बताया कि महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई समय-समय पर अनेक प्रकार की गतिविधियों का संचालन कर सामाजिक उत्थान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। इस योजना के तहत दो महत्वपूर्ण अभियानों का संचालन कराया जा चुका है। जागरूकता अभियान के तहत लोगों को पर्यावरण, स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं महिलाओं की समस्याओं की जानकारी एवं निदान, महिलाओं के अधिकारों आदि के बारे में अवगत कराने के लिए अनेक विविध कार्यक्रमों का आयोजन करवाया गया है।



उन्हाणी महाविद्यालय की स्वयंसेविका का स्वागत करते हुए अस्पताल के स्टाफ व अन्य ● जागरण

वृद्धजन प्रतिगृहीत अभियान के तहत महाविद्यालय की प्रत्येक स्वयं सेविका द्वारा अपने आस पास के जरूरतमंद वृद्धजन को प्रतिगृहित किया गया है। स्वयं सेविका प्रतिदिन अपने द्वारा प्रतिगृहित वृद्धजन का यथासंभव सहयोग करती हैं तथा इसकी रिपोर्ट अपनी डायरी में लिखती है। इस रिपोर्ट को प्रति सप्ताह निरीक्षण कार्यक्रम अधिकारी डा. सीमा देवी द्वारा किया जाता है।

इसका उद्देश्य समाज के बुजुर्ग विकलांग, अनपढ़ व महिलाओं को यथासंभव अस्पताल की और से दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी देकर उनका सहयोग करना है, ताकि वे जानकारी के अभाव में इधर-उधर ना भटके तथा सभी सरकारी सुविधाओं का लाभ उठाएं। इस अवसर पर महाविद्यालय की ओर से डा. सुधीर यादव, डा. अंकिता यादव, पवन कुमार, नीरज व अस्पताल प्रशासन के अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

दैनिक जागरण

दिनांक 10/05/2022